न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सांचौर, जिला–जालोर

पीठासीन अधिकारी :– प्रमोद कुमार (आर.ए.एस)

मुकदमा संख्या :– 44/2025

जी.सी.एम.एस. नंबर :– 2025/157

प्रार्थीगण	अप्रार्थीगण
संगीता देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार वगैरह	जयकिशन पुत्र गोकलाराम वगैरह

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

तारीख रजु :– 29.07.2025

उपस्थिति :–

1. प्रार्थीगण की ओर से विद्वान अधिवक्ता श्री सोहनलाल नैण उपस्थित।
2. अप्रार्थीगण संख्या 1 की ओर विद्वान अधिवक्ता श्री दिलीप कुमार बिश्नोई उपस्थित।
3. अप्रार्थीगण संख्या 2 लगायत 18 बावजूद तामील (सूचना) के अनुपस्थित रहने से एकपक्षीय कार्यवाही।

:– निर्णय :–

दिनांक :– 17.12.2025

संक्षिप्त में प्रार्थना–पत्र के तथ्य इस प्रकार है कि वांके मौजा दाता के खेत खाता संख्या 211 के खसरा नंबर 1379/404 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 1380/307 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 306 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा नंबर 307 रकबा 2.15 हैक्टेयर, खसरा नंबर 308 रकबा 0.04 हैक्टेयर, खसरा नंबर 309 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 310 रकबा 2.57 हैक्टेयर, खसरा नंबर 403 रकबा 0.45 हैक्टेयर, खसरा नंबर 404 रकबा 1.49 हैक्टेयर जुमले रकबा 6.75 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 210 के खसरा नंबर 1050/1197 रकबा 0.06 हैक्टेयर, खसरा नंबर 513 रकबा 1.00 हैक्टेयर, खसरा नंबर 516 रकबा 0.14 हैक्टेयर जुमले रकबा 1.20 हैक्टेयर संयुक्त खातेदारी का दर्जसुदा आया हुआ है तथा खाता संख्या 209 के खसरा नंबर 494/1213 रकबा 0.32 हैक्टेयर, खसरा नंबर 514 रकबा 0.02 हैक्टेयर कुल रकबा 0.34 हैक्टेयर संयुक्त खातेदारी का आया हुआ है तथा ग्राम कांटोल के खाता संख्या 56 के खसरा नंबर 332 रकबा 1.35 हैक्टेयर, खसरा नंबर 333 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 334 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा नंबर 656/335 रकबा 4.51 हैक्टेयर जुमले रकबा 5.89 हैक्टेयर स्व. गोकला के खातेदारी का आया हुआ है। उक्त आराजी प्रार्थीगण के ससुर/दादा प्रतिवादी संख्या 1 जयकिशन व अन्य अप्रार्थी की संयुक्त खातेदारी पैतृक, पुश्तैनी, पारिवारिक आराजी आई हुई है जिसमें हम प्रार्थीगण के ससुर/दादा अप्रार्थी संख्या 1 जयकिशन का ग्राम दाता के खाता संख्या 211 जुमले रकबा 6.75 हैक्टेयर में 337/3375 हिस्सा, खाता संख्या 210 जुमले रकबा 1.20 हैक्टेयर की आराजी में 1/10 हिस्सा, खाता संख्या 209 जुमले रकबा 0.34 हैक्टेयर की आराजी में 1/10 हिस्सा व ग्राम कांटोल के खाता संख्या 56 में संपूर्ण हिस्सा दर्जसुदा आया हुआ है जो पुश्तैनी भूमि में वादीगण का नौशनल शैयर पैदा होने से हम प्रार्थीगण के ससुद/दादा के संपूर्ण हिस्से में से हम वादीगण के ससुर/दादा के हिस्से में हमारे पति/पिता नरेन्द्र कुमार 1/3 हिस्सा पुश्तैनी

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2026.01.22 11:44:01 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी सांचौर)

बनता है जिसमें हम प्रार्थीगण का नरेन्द्र कुमार के हिस्से में से 2/3 हिस्से की खातेदारी पाने का अधिकार होने से दावा हाजा ईस्तकरार हक का अलग से पेश है। अतः प्रार्थना–पेश कर निवेदन है कि इस अमर की अस्थाई निषेधाज्ञा मूल वाद बहक प्रार्थीगण विरूद्व अप्रार्थीगण सादि फरमावें कि मौजा दाता व कांटौल में स्थित उपरोक्त खसरा नंबरान आराजी में से प्रार्थीगण के हिस्से व कब्जा काश्त की आराजी में न तो अप्रार्थीगण स्वयं व न किसी अन्य के द्वारा दखलंदाजी करावें तथा मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाये रखने का आदेश फरमावें।

अधिवक्ता अप्रार्थीगण संख्या 01 ने अपनी बहस में निवेदन किया है प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र मनगंढत, आधारहीन होने से खारिज फरमावें।

मैंने उभयपक्षकारान् की बहस पर मनन किया, पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात् का भली भांति अध्ययन व अवलोकन किया गया अतः प्रथम दृष्ट्या प्रकरण, सुविधा का संतुलन व अपूरणीय क्षति प्रार्थीगण के पक्ष में प्रतीत होने से प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किया जाता है।

:– आदेश :–

अतः मूल वाद के निस्तारण तक इस आशय की अस्थायी निषेधाज्ञा जारी की जाती है कि सरहद मौजा दाता पटवार हल्का नानोल के खाता संख्या 211 के खसरा नंबर 1379/404 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 1380/307 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 306 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा नंबर 307 रकबा 2.15 हैक्टेयर, खसरा नंबर 308 रकबा 0.04 हैक्टेयर, खसरा नंबर 309 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 310 रकबा 2.57 हैक्टेयर, खसरा नंबर 403 रकबा 0.45 हैक्टेयर, खसरा नंबर 404 रकबा 1.49 हैक्टेयर जुमले रकबा 6.75 हैक्टेयर तथा खाता संख्या 210 के खसरा नंबर 1050/1197 रकबा 0.06 हैक्टेयर, खसरा नंबर 513 रकबा 1.00 हैक्टेयर, खसरा नंबर 516 रकबा 0.14 हैक्टेयर जुमले रकबा 1.20 हैक्टेयर संयुक्त खातेदारी का दर्जसुदा आया हुआ है तथा खाता संख्या 209 के खसरा नंबर 494/1213 रकबा 0.32 हैक्टेयर, खसरा नंबर 514 रकबा 0.02 हैक्टेयर कुल रकबा 0.34 हैक्टेयर संयुक्त खातेदारी का आया हुआ है तथा ग्राम कांटोल के खाता संख्या 56 के खसरा नंबर 332 रकबा 1.35 हैक्टेयर, खसरा नंबर 333 रकबा 0.01 हैक्टेयर, खसरा नंबर 334 रकबा 0.02 हैक्टेयर, खसरा नंबर 656/335 रकबा 4.51 हैक्टेयर जुमले रकबा 5.89 हैक्टेयर की अप्रार्थीगण राजस्व रेकर्ड की यथास्थिति बनाये रखें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2026.01.22 11:44:01 IST
Reason: SelfAttested

(प्रमोद कुमार, आर.ए.एस.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सांचौर

निर्णय आज दिनांक **17.12.2025** को सर–ए–इजलास सुनाया गया।

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी सांचौर